एक नजर में

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**धार ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में समयावधि के पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों एवं समयावधि पत्रों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान श्री चौधरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं जनहित से जुडे मामलों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो। समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई से प्राप्त आवेदनों, विकास योजनाओं की प्रगति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं, मानव अधिकार आयोग, अनुसूचित जाति आयोग, अनुसूचित जनजाति आयोग तथा अन्य आयोगों से प्राप्त प्रकरणों तथा विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की स्थिति पर भी चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। संकल्प से समाधान卐 अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदन एवं शिकायतें, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लंबित प्रकरण, राजस्व एवं नामांतरण से संबंधित प्रकरण, पेंशन योजनाओं (वृद्धा, विधवा, दिव्यांग) के लंबित आवेदन, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के स्वीकृति एवं निर्माण प्रकरण, मनरेगा कार्यों की प्रगति एवं भुगतान संबंधी प्रकरण, समग्र आईडी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुडे` लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग समयावधि पत्रों का निराकरण निर्धारित समय में करें और प्रगति की जानकारी नियमित रूप से प्रस्तुत करें। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पक्षाल जैन का आज नगर आगमन पर स्वागत

**बाग** - आज धार जिले के बाग क्षेत्र के ग्राम बाग के प्रतिभाशाली युवा पक्षाल सेक्रेटरी जैन ने यूपीएससी परीक्षा में पूरे देश में 8वीं रैंक (ढ्ढक्र-8) प्राप्त कर बाग विकासखंड का नाम प्रदेश सहीत देश भर में रोशन किया।?



नवागत आई.ए.एस अधिकारी अपने ग्रह ग्राम बाग पहुंचे तो बड़ी संख्या में नगरवासी डाक बंगलेलौटते समय रेस्ट हाऊस बाग मे खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सांदीपनी विधालय के प्राचार्य श्री डी.एस . बघेल ने बाग मे 2017 - 2018 मे नियमित अध्ययरत छात्र का माला पहनाकर स्वांगत किया गया । बाग के होनहार युवक ने जब से अपनी सफलता का परचम लहराया हे तब से परिवार समाजजन सहित नगरवासियों में खुशी का माहोल है और हर कोई उसका यहां आने का इंतजार कर रहा था आज जब उसका नगर में आगमन हुआ तो बड़ी संख्या में लोग डाक बंगला परिसर पहुच गये थे । जब उसका आगमन हुआ तो मालाओं से उसे लाद दिया गया बड़ों का पक्षाल ने आर्शिवाद लिया और सभी को शीश झुकाकर नमन किया इस यह जूलूस जब नगर के मुख्य मार्ग से उसके निवास तक पहुंचा तब जगह जगह नगरवासियों ने पुष्प बरसाकर उसका स्वागत किया इस दौरान सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य एवं खंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल ने बताया 2017-2018 में इसी शासकीय स्कूल मे नियमित अध्ययनरत छात्र रहा है उसी समय में पढ़ाई में बहुत मजबुत था आज उसकी इस सफलता ने सभी का गौरव बढाया हे । आठवीं रेंक प्राप्त करना इतना आसान नहीं है फिर भी उसने अपने दम पर फाइट कर बड़ी सफलता हासिल की है।

## बुमराह बुम बुम टीम इंडिया जिंदाबाद उदघोष के साथ क्रिकेट प्रेमियों ने विजय रैली निकालकर खुशी मनाई

**सरदारपुर ।** टी20 वर्ल्ड कप का फाइनल मैच रविवार को अहमदाबाद के मोदी स्टेडियम में खेला गया। फाइनल मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों की नजर सुबह से ही मैच के लिए टीकी हुई थी, बस टीम इंडिया वर्ल्ड कप जीत जाए। और हुआ भी वही, जो क्रिकेट प्रेमी चाहते थे। टीम इंडिया की जीत पर हर कोई सड़क पर उतर आए, जीत की खुशी में नगर के युवा बच्चों ने ढोल धमाके के साथ नगर के मुख्य मार्गों से वल्ड कप टीम इंडिया विजय रैली निकाली गई, रैली के दौरान जसप्रित गुमराह बुम बुम, टीम इंडिया जिंदाबाद के उदघोष से नगर को गुंजायमान बना दिया था, बस स्टैंड गली मोहल्लो में भारत वल्ड कप विजेता की खुशिया आतिशबाज़ी से दिखाई दी गई।

## राठौड़ समाजजनों ने निकाली रंग पंचमी पर गेर



**बाग**--रविवार रंग पंचमी के अवसर पर क्षेत्रिय राठौड़ समाज द्वारा पारंपरिक गेर (फाग यात्रा) धूमधाम से निकाली गई। रंग पंचमी पर निकाले जाने वाली अपनी फाग यात्रा (गेर) की पुरातन परंपरा को जीवित रखने का कार्य तो किया ही जा रहा है साथ ही गेर को पारिवारिक माहौल में निकालने का श्रेय भी सर्वप्रथम राठौड़ समाज जनों को ही जाता है 8 मार्च 2026 को आयोजित इस गेर में युवा और महिलाए बैंड-बाजे, ढोल और डीजे के साथ शामिल हुईं, जहा सूखे रंगों व गुलाल से होली खेली गई। यह आयोजन पारंपरिक रूप से प्रमुख मार्गों से होते हुए समाज की एकजुटता का प्रतीक बना। जानकारी देते हुए समाज अध्यक्ष दलीचंद राठौड़ ने बताया कि, फाग यात्रा (गेर) का नाम सुनते ही हुड़दंग, हो-हल्ला, मस्तों की टोली की छवि सामने आती है किंतु हमारे राठोड़ समाज ने इस परिपाटी के विपरित पारिवारिक माहौल में रंगा-रंग फाग यात्रा निकाली गई । जिसमें बड़े बुजुर्ग, युवा, महिलाऐं, बच्चे एक साथ फाग यात्रा (गेर) का आनंद लेते हुए नाचते गाते चले। जिला उपाध्यक्ष सु श्री अलका राठोड़ ने बताया की फाग यात्रा के पुर्व समाज में शोक शोकाकुल परिवारों में प्राकृतिक गुलाल का ही उपयोग किया गया एवं पानी बचाने का संदेश देते हुए सूखे रंगों से होली खेलने के लिये प्रेरित किया एवं नगर की स्वच्छता भी बनी रहे इस बात का भी विशेष ख्याल रखा । फाग यात्रा नगर के मध्य स्थित रणछोड़ राय मंदिर से गोपाल कृष्ण की झांकी सजाकर मुख्य मार्ग होते हुए गवलीपुरा राठौर धर्मशाला पहुंचकर आरती प्रसादी वितरण कर सह भोजन के समापन हुआ इस मे महिला मंडल की सुनीता कमल राठौर अध्यक्ष, निर्मला गोपाल राठौड़, नंदनी जितेंद्र राठोड़, दीपिका त्रिलोक राठौड़ सुनीता महेश राठौड़ चंदा महेश्वर राठौड़ , सहित गोपाल राठौड़, विकी राठौड़ जितेंद्र राठौड़, महेश सर विपिन राठौड़ कपिल राठौड़, सहित अनेकों बंधु, समाजसेवी उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं की आस्था से खिलवाड़

**सरदारपुर।** नगर के पुराने नेशनल हाइवे इन्दौर अहमदाबाद से जुड़े हुए हुए और वार्ड क्रमांक 13 में आनेवाले माही माता घाट पर लम्बे समय से नगर वार्ड से निकाले गए जल निकासी के लिए नाले का गंदा पानी माही माता नदी में समाहित हो रहा है, सरदारपुर क्षेत्र के आस्था रखने वाले श्रध्दालुजन इसी माही में डूबकी लगाकर देवी देवताओं का पूजन करते आ रहे हैं। घनश्याम जायसवाल, मोहन ठाकुर ने बताया कि यह समस्या लम्बे समय से चली आ रही है।





# महिलाओं एवं बालिकाओं को अधिकार, स्वास्थ्य व सुरक्षा की जानकारी दी

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**धार । धार जिले के तिरला विकासखंड के सलकनपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकार, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं उत्थान से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई।**

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन के मार्गदर्शन में एकीकृत बाल विकास परियोजना तिरला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लगभग 150 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच लक्ष्मी के विशेष आतिथ्य में मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुमारी श्रृष्टि ने महिला समस्या, साहस एवं सफलता विषय पर उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आरती पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।




अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के पदाधिकारी लोकेन्द्र यादव एवं विकास द्वारा महिलाओं के लिए शेर-बकरी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुमारी पायल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन ने कहा कि वैदिक काल में महिलाओं को समाज में समान अधिकार प्राप्त थे। वर्तमान समय में महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, संपत्ति एवं राजनीतिक भागीदारी सहित अनेक अधिकार प्राप्त हैं तथा वे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

> सीडीपीओ तिरला श्री सत्यनारायण मकवाना ने महिलाओं को संबोधित करते हुए घरेलू हिंसा, बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया तथा महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानूनों और योजनाओं की जानकारी दी।आकांक्षी विकासखंड के एबीएफ श्री दीपराज परमार ने आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम एवं संपूर्णता अभियान 2.0 के बारे में जानकारी देते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को शत-प्रतिशत पोषण आहार उपलब्ध कराने तथा पोषण ट्रैकर पर नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, स्व सहायता समूह की महिलाओं तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन पर्यवेक्षक श्रीमती राखी देवड़ा द्वारा किया गया।

# मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों पर जनसामान्य के सुझाव 13 तक आमंत्रित

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन की बैठक संपन्न

**धार।** कलेक्टरप्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में गाइडलाइन वर्ष 2026-27 के निर्धारण एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों पर गहन विचार उपरांत अनंतिम प्रस्तावित दरों विषयक निर्णय लिये गये। बताया गया कि प्रस्तावों पर जनसामान्य के सुझाव 13 मार्च 2026 (अपरान्ह 05 बजे तक) आमंत्रित किए जायेगे।



बैठक में यह भी बताया गया कि वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित अनंतिम प्रस्तावित दरें जिला पंजीयक एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालयों में उपलब्ध है। 13 मार्च (अपरान्ह 05 बजे तक) जनसामान्य के सुझाव आमंत्रित है। तत्पश्चात अंतिम निर्णय उपरांत प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड मध्यप्रदेश, भोपाल की ओर अग्रेतर कार्यवाही हेतु अग्रेषित किये जा सकेगें।

बैठक में जिला पंजीयक डॉ प्रभात बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राहुल गुप्ता, समस्त उप पंजीयक तथा जिले के अन्य विभागों वन मण्डलाधिकारी, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, उप संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, कार्यपालन यंत्री, म.प्र. गृह निर्माण मंडल, अधीक्षक, भू-अभिलेख, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, महाप्रबंधक, जिला एवं व्यापार केन्द्र, धार के अधिकारी उपस्थित रहे।

# टी20 विश्व कप फाइनल मैच का जश्न, होली के साथ मनाई दिपावली





### ग्राम पंचायत ने बड़ी स्क्रीन लगाकर सामूहिक रुप से मैच देखने की व्यवस्था की

**बाकानेर ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 विश्वकप के फाइनल मुकाबले को लेकर रविवार को नगर में क्रिकेट प्रेमियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। गौरवशाली ऐतिहासिक और उल्लास के क्षण मैच का रोमांच साझा करने के लिए ग्राम पंचायत बाकानेर द्वारा बड़ी स्क्रीन लगाकर सामूहिक रूप से मैच देखने की व्यवस्था की गई। यहां सैकड़ों की संख्या में लोग फाइनल मैच देखने के लिए जुटे।मैच शुरू होने से पहले टीम इंडिया द्वारा राष्ट्रगान गाए जाने पर मौजूद लोगों ने भी खड़े होकर राष्ट्रगान गुनगुनाया और भारत माता के जयकारे लगाए। इसके बाद भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 विश्वकप फाइनल का महामुकाबला शुरू हुआ।

> मैच के दौरान टीम इंडिया के खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए चौकों और छक्कों पर मौजूद क्रिकेट प्रेमी उत्साह से झूम उठे। ढोल की थाप पर कई लोग थिरकते नजर आए। प्रत्येक चौको छक्को पर आतिशबाजी की जा रही थीइसके अलावा नगर के अन्य चौराहों और मोहल्लों में भी लोग टीवी और मोबाइल पर मैच देखते दिखाई दिए। भारत विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट प्रेमियों ने बाइक पर नगर में जलूस निकालकर भारत माता की जय के नारे लगाए गए एवं आतिशबाजी की गई होली के साथ-साथ दीपावली भी मनाई गई है भारत की जीत की खुशी में समाजसेवी सुनील जायसवाल द्वारा क्रिकेट प्रेमियों के लिए शितल पेय की व्यवस्था की गई।



## अभी से गर्मी में आमजन हलाकान, व्यापार,बाजार, सड़कें सूनी पड़ी

**सरदारपुर।** अभी तो गर्मी की शुरूआत ही हुई है, लेकिन मार्च के महिने में ही आमजन इस माह की गर्मी को सहन नही कर पा रहे हैं। जब कि ग्रीष्म ॠतु की गर्मी खासकर मई और जून माना जाता है, मार्च के महिने में ही बढती गर्मी से बस स्टैंड, मेन व्यापार बाजार, और सड़क मार्ग पर कोई आवाजाही नजर नही आ रही है। बढती गर्मी से आमजन हलाकान दिखाई दे रहे हैं ।

**एक नजर** महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा, की जानकारी के साथ खेल भी खिलाएं

# आंगनवाड़ी केन्द्र पर महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**बाग - भारत सरकार द्वारा फिट इंडिया कार्निवल 2026 का आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुभाष जैन एवं बाग परियोजना अधिकारी कमलसिंह निंगवाल के मार्ग दर्शन में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत दिनांक 06 मार्च से 08 मार्च 2026 तीन दिवसीय विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। ग्राम देवधा में 06 मार्च इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जहा उपस्थित महिलाओं को डाल विवाह को समाप्त कर महिला सशक्तिकरण विडियो के माध्यम से विशेष जानकारी दी गई ।**

साथ ही दिनांक 07 मार्च को महाकाल पुरा व बडयडझीपुरा बाग में उपस्थित महिलाओं को चेयर रेस करवाई गई व विभागीय योजनाओं की सेवाओं के माध्यम से महिला व बालिका सशक्तिकरण पर चर्चा कर सशक्त महिलाओं का परिचय व सभी के जीवन को उत्कृष्ट बनाने पर चर्चा करते हुए बताया गया की आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही है । महिलाएं आत्मनिर्भर बने मन बसें डर को दूर कर के आगे आए आपके आगे आने से समाज और गांव उन्नति की ओर जाएगा । आपको देखकर अन्य महिलाओं और बालिकाओं में भी जागरुकता आएगी । वैसे देखा जाए तो आज की नारी में काफी जागरुकता आई है । ओर वह खुद आत्मनिर्भर बन रही है । एसे ही हमारी अन्य महिलाओं में जागरुकता लाए और समाज सेवा करें । इस दौरान बाग पर्यवेक्षक सुनीता बघेल एवं अखाड़ा पर्यवेक्षक ज्योती जामोद ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं व किशोरियो की सहभागिता सुनिश्चित कर उन्हें स्वास्थ्य फिटनेस एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना है कार्यक्रम में आत्मरक्षा तथा सुरक्षा जागरुकता ,खेल प्रतियोगिता भी करवाई गई। कार्यक्रम में सेक्टर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं महिलाएं उपस्थित रहीं ।



